प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/ 1026   दिनांकः 21 जून, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के बी0फार्म0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के तृतीय (3^{rd}) सेमेस्टर के रेगुलर छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की दिनांक 26 फरवरी, 2024 से दिनांक 06 अप्रैल, 2024 के मध्य सम्पन्न हुई लिखित एवं प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षाओं के **बी0फार्म0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के तृतीय (3^{rd}) सेमेस्टर के रेगुलर** छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन के उपरान्त जारी/घोषित किया जा रहा है, जो विश्वविद्यालय की बेवसाइट **www.aktu.ac.in (One View)** पर अपलोड एवं उपलब्ध करा दिया गया है।

उक्त के क्रम सूच्य है कि सत्र 2023-24 के नवप्रवेशित ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी नामांकन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है का परीक्षा परिणाम नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त स्वतः ही घोषित हो जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

21/06/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक